समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# यूक्रेन के 'ऑपरेशन स्पाइडर वेब' का जवाब रूस कैसे और कब देगा ? क्रेमलिन ने किया खुलासा।

Publisher

Published on 05 Jun 2025



## ट्रंप-पुतिन की 75 मिनट लंबी बातचीत के बाद रूस ने कहा- एयरबेस पर हमले का जवाब तय समय पर देगें।

**मॉस्को, 5 जून 2025:** यूक्रेन द्वारा शुरू किए गए **ऑपरेशन स्पाइडर** वेब के जवाब में रूस अब रणनीति तैयार कर रहा है। **रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन** और **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** के बीच हुई **75 मिनट** की बातचीत के बाद **क्रेमलि**न ने इस बात की पुष्टि की है कि रूस जल्द ही यूक्रेन के एयरबेस पर जवाबी हमला करेगा।

**ऑपरेशन स्पाइडर वेब मे रूस को बड़ा नुकसान**

यूक्रेन ने बीते हफ्ते ड्रोन हमलों के ज़रिए रूस के **सैन्य एयरबेस, विमानों** और **अन्य संवेदनशील ठिकानों** पर हमला किया था। इसे '**ऑपरेशन स्पाइडर वेब**' नाम दिया गया। इस ऑपरेशन से रूस को बड़ा सामरिक नुकसान हुआ, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

**पुतिन-ट्रंप की फोन कॉल से हलचल**

इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर जानकारी दी कि यह बातचीत लगभग 1 घंटे 15 मिनट तक चली। उन्होंने कहा कि यह एक "**अच्छी बातचीत**" रही लेकिन शांति के लिए अभी और प्रयास जरूरी हैं।

ट्रंप ने लिखा: "राष्ट्रपति पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि उन्हें हवाई अड्डों पर हुए हालिया हमले का जवाब देना ही होगा।"

**क्रेमलिन का सख्त रुख**

क्रेमलिन के प्रवक्ता ने भी इस बातचीत की पुष्टि की और कहा कि रूस तय करेगा कि कब और कैसे जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा: "हम अपना समय और तरीका खुद तय करेंगे। ऑपरेशन स्पाइडर वेब का जवाब जरूर दिया जाएगा और यूक्रेन को इसका एहसास होगा।"

अब आगे क्या ?

१. **अमेरिका की स्थिति अभी संतुलित बनी हुई है, लेकिन ट्रंप के बयान के बाद वैश्विक स्तर पर चर्चा तेज हो गई है।**

२. **रूस की ओर से जवाबी हमले की आशंका से नाटो देश भी अलर्ट मोड पर हैं।**

३. **यूरोप और एशिया के कई देशों ने अपनी हवाई सुरक्षा प्रणाली को एक्टिव कर दिया है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.